हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 18 जून 2024

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

4
शाला प्रवेशोत्सव के लिए स्कूलों में शुरू हुई तैयारी, बच्चों के घर पहुंच रहे शिक्षक

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें:- 7400009183

खबर संक्षेप

सम्मान निधि की 17वीं किश्त का भुगतान आज

सारंगढ़। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 17वी किश्त की राशि 18 जून को शाम 4 से 6 बजे तक पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा जारी किया जाएगा। इसके लिए वाराणसी में वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला के जनपद पंचायत सभाकक्ष में यह कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम के वेबकास्ट प्रसारण अंतर्गत बरमकेला से 25 किसान कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में और 25 किसान बिलाईगढ़ से भाटापारा के कृषि विज्ञान केंद्र में उपस्थित रहेंगे। इस दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

तीर्थ यात्रा पर निकला परिवार, मकान में चोरी

रायगढ़। कोसीर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जसपुर निवासी परिवार तीर्थ यात्रा पर गया था, इसी बीच सूने मकान में चोरों ने दाखिल होकर घर में रखे सामान व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। इस संबंध में पुनीलाल आदित्य पिता सेतराम आदित्य 7 जून को पूरा परिवार वृंदावन दर्शन करने गये था। 14 जून को उसका भांजा भोलेश्वर आदित्य के द्वारा फोन से जानकारी दिया कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है और घर अंदर जाकर देखा तो पता चला कि एक कमरा का ताला टूटा हुआ था। जब वे वापस आकर देखे तो मकान के अंदर बना एक कमरा का ताला टूटा हुआ था, अंदर जाकर देखे तो कमरा के अंदर बना आलमारी का ताला टूटा हुआ था। आलमारी में रखा नगदी रकम 20 हजार को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली।

खड़े ट्रेलर से टकरा कर बाइक सवार घायल

रायगढ़। भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काशीचुआं में एनएच किनारे खड़े एक ट्रेलर से एक युवक की ठक्कर हो गई, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। इस संबंध में कांशीराम रात्रे पिता रंदन रात्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 16 जून की शाम 7 बजें उसका दमाद हेमंत महिलाने ग्राम रक्सापाली से उसके घर अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम कांशीचुआ आ रहा था। इसी बीच कांशीचुआ के पास एनएच रोड में 10 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 8432 के चालक द्वारा अपने ट्रक को लापरवाही पूर्वक खड़ा कर दिया गया था। चालक ने बिना किसी संकेतक के ट्रेलर को खड़ा कर रखा था, जिसकी वजह से अंधेरे में उसे नजर नहीं आया और उसकी मोटरसाइकिल की ट्रेलर के पीछे टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में हेमंत महिलाने के सिर, मुंह, गला में चोंट आने से आस पास के लोगो के द्वारा उसकी पहचान कर ली गई। जिसके बाद उसके परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अपेक्स अस्पताल लाया गया।

नगरीय निकाय चुनाव की सुगबुगाहट

पुसौर। आगामी नवम्बर दिसम्बर में नगरीय निकाय चुनाव होना लगभग तय है, वार्डो का परीसीमन के लिये आदेश भी हो चुका है और चूंकि इस वर्ष अध्यक्ष का चुनाव सीधा मतदाता द्वारा किया जाना है इसलिए संभावित प्रत्याशी अपने अपने खेमे के लोगों को एक जुट करना शुरू कर दिए हैं। वर्ष 2008 से बना नगर पंचायत पुसौर में अब तक केवल एक ही बार भाजपा का अध्यक्ष बन पाया और उसके 11 पार्षद के साथ इसका शासन रहा शेष कार्यकाल कांग्रेस का रहा। अध्यक्ष का सीधा चुनाव होने की संभावना से नेता सतर्क हो गए हैं।

झुग्गियों में रहने को मजबूर आवास योजना के लाभार्थी

पीएम आवास योजना के लाभ के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे पात्र हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरकार ने इसी उम्मीद के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की थी कि 2022 तक प्रत्येक गरीब व पात्र व्यक्ति के रहने के लिए पक्का आशियाना हो। वही गरीब भी यही उम्मीद लगाए बैठे हैं कि उन्हें रहने के लिए सर पर पक्की छत मिलेगी। लेकिन सच तो यह है कि आज भी गरीब व पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। वहीं अमीर, प्रभावशाली लोगों की बल्ले बल्ले हो रही है।

आलीशान व बड़े.बड़े मकान, चार पहिया वाहन, गाड़ियां एसरकारी कर्मचारी हैं तो कोई बड़े जमींदार हैंए तो कोई राजनीति में प्रभावशाली लोग एवं जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं। सभी प्रकार की सुविधा इन लोगों के पास होने के बावजूद भी यह बेचारे प्रधानमंत्री आवास का लाभ लेने के लिए गरीब बन गए हैं। मगर गरीब व पात्र व्यक्ति तो अभी भी उक्त योजना में नाम जुड़वाने व लाभ पाने के लिए धक्के ही खा रहे हैं। नगर पंचायत सरिया में अधिकारियों की मिलीभगत से पात्र व गरीब आवास से वंचित है एतो अमीर व धन्नासेठ व रसूखदार जमकर मजे लूट रहे हैं। ऐसे कई लोग हैं जिनके पास जमीन, चारपहिया वाहन के अलावा नौकरी पेशावाले कई लोग गरीबों का चोला ओढ़ कर गरीबों के हक की पक्की छत छीन रहे हैं। यही नहीं एक ही मकान में रहने के बावजूद पिता सहित बेटों ने अलग-अलग राशन कार्ड बनाकर एक ही परिवार में पिता पुत्र सहित तीन तीन चार चार लोगों ने योजना का लाभ लिए है। जिसके कारण आज गरीब व पात्र हितग्राही आवास के लिए दर दर भटक रहे हैं। यहां के कई लोग छप्पर के नीचे या फिर पन्नी डाल कर रहने को मजबूर हैं और किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। कई लोगों ने कहा कि इसके लिए कई बार नगर पंचायत सरिया में आवेदन देकर आवास की मांग की गई। लेकिन अभी तक आवास नहीं मिला। वार्ड क्रमांक 8 के दिव्यांग युवक सम्राट पाव ने बताया कि अभी तक आवास नहीं मिला है। इसके लिए कई बार नगर पंचायत सरिया का चक्कर काट चुका हूं। एक आवास के लिए कई बार गुहार लगा चुका हूं। मजबूरी में छप्पर के नीचे रहना पड़ रहा है। जब बारिश होती हैए तो बहुत परेशानी होती है। बारिश का पानी घर में चला जाता है। झोपड़ी नुमा घर में पानी टपकता है। जिससे जीवन यापन करना मुश्किल हो जाता है। वहीं वार्ड क्रमांक 13 के निवासी सरिता सिदार का कहना है कि दो छोटे बच्चों के साथ झोपड़ी नुमा घर में रहने को मजबूर हैं। कई बार नगर पंचायत सरिया में आवेदन देने के बाद भी हमें आवास नहीं मिली है।

उन्होंने कहा कि उनके पति मजदूरी का काम करते हैं। मजदूरी से इतना पैसा नहीं जुटा पाए की एक पक्का मकान बनवा सके। इसी झोपड़ी में दो बच्चों व पति के साथ गुजर बसर करने को मजबूर है। छप्पर से पानी टपकता है तथा जहरीले जीव से हमेशा डर बनी रहती है। गरीबी के कारण हमें यह दिन देखने को मिल रही है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 8 के ही पूर्व पार्षद एका राम यादव ने भी बिगड़ चार साल से पीएम आवास के लिए आवेदन दे रहे हैं और इन्हें अब तक पीएम आवास नहीं मिला है।

पात्र-अपात्र की जांच कर की जाए उचित कार्रवाई

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मोहन पटेल ने नगर पंचायत प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि रसूखदार लोगों को, अमीर लोगों को तथा जिनके पास पक्के मकान हैं उन्हें पीएम आवास का लाभ पहुंचाया गया है। उन्होंने संबंधित उच्च अधिकारियों से मांग किया है कि सरिया में पीएम आवास पात्र अपात्र की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए तथा वर्तमान में पात्र हितग्राहियों को यथाशीघ्र पीएम आवास की लाभ दिया जाए।

तीन साल में 50 बच्चे बालश्रम से मुक्त कराए

बढ़ रहे बालश्रम के मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में बालश्रम खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले तीन साल में बालश्रम रोकने की करीब 32 कार्रवाई की गई। जिसमें 50 से ज्यादा बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। इसके बावजूद आज तक होटल, रेस्टोरेंट, दुकान सहित कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर बालक काम करते नजर आते हैं।

बाल श्रम से जुड़े मामलों में यदा कदा ही प्रशासन की कार्यवाही नजर आती है जबकि बच्चे श्रम करते हुए दिन भर सहज ही नजर आ जाते हैं। गीष्मकालीन अवकाश हो या फिर दीपावली व सर्दियों की लंबी छुट्टियां। इस दौरान रायगढ के औद्यौगिक संस्थाओं से लेकर होटलो रेस्त्रां और दुकानों पर बाल मजदूरों की संख्यां बढ जाती है। जो कि कम पैसे में अधिक समय तक मजदूरी करते हैं। मजदूर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते हैं लेकिन छोटे बच्चे पैसे की तंगी के चलते चुप रहते हैं। इसलिए मालिक आसानी से रख लेते हैं। इधर विगत तीन चार सालों से चाईल्ड लाइन से करार खत्म होने के बाद अब बाल संरक्षण इकाई इस काम को आगे जरुर बढा रही है लेकिन गति प्रदान नहीं कर पा रही।

फैक्ट फाइल
वर्ष कार्रवाई बच्चे रेस्क्यू

2021	09	18
2022	12	18
2023	11	14

प्रदेश के बाहर से भी बच्चे कर रहे हैं काम

जानकारी के मुताबिक जिले में यहां के स्थानीय बच्चों के अलावा उड़ीसा, बिहार, यूपी व महाराष्ट्र के भी बच्चे यहां बालश्रम कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि फैक्ट्रियों में छुपकर इन बच्चों से काम करवाया जाता है। इसके अलावा शहर से प्लास्टिक का कचरा उठाते एगाड़ी पोछते और भीख मांगते भी बच्चे नजर आ जाते हैं। चाइल्ड लाइन से करार खत्म होने के बाद बच्चों को मुख्यधारा में लाने की कवायद भी प्रभावित हुई है। हांलाकि प्रशासन का तर्क है कि बालश्रम रोकने के लिए होटल, ढाबे फैक्ट्री संचालकों को नोटिस दिए जाते हैं। सभी विभागों के सहयोग से लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही छुड़वाए गए बच्चों को पुनर्वास के लिए बालगृह में भेजा गया है। इसे खत्म करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

सूने मकान में अज्ञात ने लगाई आग, सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छर्रा निवासी एक परिवार घूमने के लिए गया था, इसी बीच उनके सून मकान में किसी अज्ञात तत्व ने आग लगा दी। जिसमें घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

■ सारंगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम छर्रा की घटना

'इस संबंध में चौथेराम अजय पिता बल्दु अजय उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम छर्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 16 जून की दोपहर करीब 2 बजे वह सहित परिवार के सभी लोग को खाना खा कर बच्चो को गार्डन घुमाने के लिये निकल गए। वे सभी जय मां तारा समिति उद्यान मे गये। शाम करीब 7 बजे सभी लोग वापस घर आए तो देखा कि घर के सामने का दरवाजा टूटा हुआ है और घर के भीतर आग लगी हुई थी। ऐसे में सभी ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग बहुत ज्यादा बडने के कारण नही बुझ पाई। इस दुर्घटना में घर मे रखे सभी समान जैसे मोटर सायकल, दो हाथ सायकल, टीवी, पंखा, चावल दाल, गैस, खाना बनाने का सभी बरतन, सभी कपडे, खाट, 60 हजार रूपए नगद अन्य घर के सभी सामान व दरवाजे खिडकियां जल गई।

नन्हें बालक बने रामायण के पात्र, लवकुश संवाद

पुसौर। नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 13 में प्रति सप्ताह सुन्दरकांड का भी आयोजन होता रहा है। इसी बीच रामायण के लवकुश प्रसंग को रामांद सागर कृत धारावाहिक के तर्ज पर आयोजकों ने भव्यता देने की कोशिश की। इसके लिए वार्ड के 2 नन्हे नन्हें बालकों को लव और कुश का गेटप दिया और गायकी के जरिये इन्हें भगवान राम और सीता का वर्णन अपने मुक नाटिका में प्रस्तुत की। इस आयोजन के लिये वार्ड पार्षद व नेता प्रतिपक्ष उमेश साव सहित नगर के नामी गिरामी लोगों ने इनकी सराहना की। गौरतलब है कि लव कुश बने नन्हें नन्हें बालकों का भाव भंगिमा के बीच रामायण की सुमधुर छंद लोगों का मन मोह लिया जिससे महिलायें भी घर से बाहर निकल कर इसका आनंद उठाया।

दुष्कर्म का आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले रेलवे कर्मचारी लोको पायलट को बृजराजनगर रेलवे स्टेशन पर दबिश देकर हिरासत में लिया गया, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। घटना को लेकर पीड़ित युवती द्वारा 14 जून को थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में आवेदन देकर आरोपी ईश्वर राव के विरुद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

युवती बताई कि जनवरी 2024 में ईश्वर राव भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन पर मिला था जो अपने दोस्त के शादी के लिए लड़की देखना कहकर बातचीत किया और उसके बाद मोबाइल नंबर लेकर बातचीत करने लगा। इसी दरमियान ईश्वर राव अपने शादी का प्रस्ताव रखा जिसे घर परिवार में सलाह होकर बताऊंगी बोली थी। फरवरी माह में ईश्वर राव ट्रांसफर बृजराजनगर ओड़सिा होना बताया और उड़ीसा घूमने के लिए बुलाया था। तब 21 फरवरी 2024 को अपनी

सहेली के साथ बृजराजनगर घूमने गए थे जहां से रात को ट्रेन से रायगढ़ लौटे। ईश्वर राव रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास एक किराए मकान में सहेली के साथ रुकवाया और उसी रात शादी करने की बात कहकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद भी कई बार शारीरिक संबंध बनाया। ईश्वर राव को शादी के लिए कहने पर टाल मटोल करने लगा। युवती ने बताया कि जब उसके चचेरे भाई ने ईश्वर राव से जल्द शादी करने की बात बोला तो ईश्वर राव ने युवती को थाने में शिकायत करने पर बदनाम करने की धमकी दिया।

युवती के आवेदन पर थाना कोतवाली में धारा 376, 2, 506 का अपराध कायम कर कोतवाली पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन पर तत्काल बृजराजनगर रवाना होकर बृजराजनगर रेल्वे स्टेशन पर दबिश देकर आरोपी ईश्वर राव एम पिता कुर्मा राव एम 42 वर्ष निवासी जगन नाइक पुरम काकीनाडा थाना काकीनाडा जिला ईस्ट गोदावरी आंध्रप्रदेश हाल मुकाम बसंत कालोनी मकान नंबर बी एन 16 उदितनगर राउरकेला ओड़सिा को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, आरोपित का जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया है।

सीसीएफ ने किया धनबादा के प्रोजेक्ट निर्माण का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर सीसीएफ अल्प प्रवास पर धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में निरीक्षण हेतु पहुंचे और क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का जायज़ा लिया। इसके अलावा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र में प्रस्तावित प्रोजेक्ट जिसका क्रियान्वयन धनबादा पावर एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी कर रही है। शुरुआत से ही विवादों में घिरे इस परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर हाल ही में हुए विभागीय जांच में वन संरक्षण

अधिनियम के उल्लंघन की पुष्टि हुई है। उल्लंघन के बाद संबंधितों पर किस तरह की कार्रवाई की जा रही है यह अभी सार्वजानिक रूप से सामने नहीं आ पाया है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग के उच्च अधिकारी ने इस प्रोजेक्ट साइट का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य वन संरक्षक भालूपखना के प्रोजेक्ट एरिया में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में प्रभावित पेड़ों की संख्या और वन भूमि के बारे में जानकारी ली। सीसीएफ द्वारा परियोजना के निरीक्षण करने के संबंध में फारेस्ट एसडीओ लैलूंगा ने फोन पर बताया कि आला अधिकारी ने संबंधित प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन का जायज़ा लिया। अधिकारी ने बताया कि भालूपखना गांव में प्रभावित वन भूमि पर काम रोकने के आदेश पहले ही जारी किए गए हैं। गैर वन भूमि पर प्रोजेक्ट का कार्य चल रहा है। क्षेत्र के पटवारी ने भी सीसीएफ द्वारा प्रोजेक्ट का निरीक्षण किए जाने की बात कही।

पिकअप की टक्कर से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना सरसिंवा क्षेत्र अंतर्गत बाइक सवार दो युवक को पिकअप चालक ने ठोकर मार दी। जिससे वे दोनों घायल हो गए, जिसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिय है।

इस संबंध में छेदीदास मानिकपुरी पिता गणेशदास मानिकपुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि घर उसके बडे भाई का दशकर्म 12 जून को हुआ था, जिसमें उसका साला गोविन्दा मानिकपुरी निवासी ग्राम भिनोदा भी आया था। 13 जून की सुबह 9.30 बजे गोविन्दा मानिकपुरी अपने बेटे टुकेश्वर मानिकपुरी के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केडी 8135 से सालर से सारंगढ जा रहा था। इसी बीच ग्राम कान्दुरपाली मोड के पास सारंगढ की ओर से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 13 एजे 6407 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को ठोकर मार दिया। इस दुर्घटना में गोविन्दा के दाहिने हाथ, दाहिने पैर, सिर एवं सीना में चोंट लगी टुकेश्वर के दाहिने हाथ मे चोंट लगी। दोनों को सीएचसी सारंगढ लाया गया। जहां गोविन्दा की स्थिति को देखते हुए उसे रायगढ़ रेफर कर दिया गया। जहां 13 जून की शाम करीब 7 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सुबह शाम बादल, हल्की बौछारों के साथ प्री मानसून की उमस कर रही है बेहाल

आधा जून बीता, बारिश के नाम पर बौछारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहरवासियों को मानसून का बेसब्री से इंतजार है, लेकिन अभी एक सप्ताह का इंतजार करना पड़ सकता है। पिछले एक सप्ताह से मामूली प्री मानसून एक्टिविटी बनी हुई है, लेकिन तेज बारिश का दौर अब तक नहीं बना है।

इसका असर जून में बारिश के कोटे पर भी पड़ सकता है। जून माह में शहर में बारिश का कोटा 132.8 मिमी है, जबकि शहर में पिछले एक पखवाड़े में मात्र 4.3 मिमी बारिश हुई है, जो आधे जून से भी 41.9 मिमी कम है। मानसून सीजन का पहला पखवाड़ा बीत

चुका है, लेकिन झमाझम बारिश के लिए अभी भी इंतजार है।

मौसम विभाग ने बताया कि इस समय शहर में गरज चमक के साथ तेज हवाओं की स्थिति बन सकती है। 18.19 को मौसम शुष्क रहने की संभावना है, इसके बाद फिर प्री.मानसून एक्टिविटी बढ़ने की संभावना है। फिलहाल ऊपरी हवा का जो चक्रवात थाए वह ओर शिफ्ट हो गया है। अभी थोड़ी नमी आ रही हैए जिसके कारण हल्की बौछारों की स्थिति बन रही है। रविवार को भी शहर में सुबह हल्के बादल रहे, दोपहर में धूप रही, वहीं शाम को हल्के बादल रहे। साथ ही कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बौछारे और बूंदाबांदी भी हुई। इस दौरान शाम को 6 बजे के आसपास हवा की अधिकतम रतार 28 किमी के आसपास रही। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 39.6 और न्यूनतम 27.2 डिग्री रहा, जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान 39.2 और न्यूनतम 27.6 डिग्री दर्ज किया गया था।

दुकान में चोरी, अपराध दर्ज

रायगढ़। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अटल आवास निवासी युवक के दुकान मे मध्य रात्रि चोरों ने दुकान मे रखे सामान और नकद राशि पर हाथ साफ कर दिया। युवक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। इस संबंध में मोहम्मद रिजवान पिता अब्दुल वदूद उम्र 49 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी किराना दुकान नीचेपारा में स्थित है। बीते 15 जून की रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर वह घर चला गया और 16 जून की सुबह 10 बजे दुकान आया तो देखा कि दुकान के पीछे का दरवाजा खुला हुआ था, दरबाजा में लगा ताला टूटा हुआ था। दुकान में रखे मोबाईल, गल्ले में रखे नगद 3 हजार रूपए,सहित अन्य सामानों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। कैमरे को भी क्षति पहुंचाई गई है।

17 -June- Jash-Bhoomi pg-2-a_Layout 1 6/17/2024 7:47 PM Page 1

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

छप्परफाड़ कमाई को तैयार है रेनॉल्ड की डेडपूल एंड वूल्वरिन

ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड अभिनीत फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन लंबे समय से चर्चा में है। इस फिल्म का इंतजार दुनियाभर के दर्शकों को है। इस बीच फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रिलीज के बाद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक डिज्नी/ मार्वल स्टूडियोज की यह फिल्म पहले सप्ताहांत में 20 करोड़ डॉलर से 23.9 करोड़ डॉलर तक के बीच कमाई कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कमाई का यह अनुमान द कोरम ने लगाया है जो छह सप्ताह पहले से ही फिल्म की ट्रैकिंग शुरू कर देता है। द कोरम के यह आंकड़े वाकई हैरान कर देने वाले हैं, क्योंकि कोई भी आर-रेटेड फिल्म ने अब तक पहले वीकएंड में 20 करोड़ डॉलर की कमाई नहीं की है। सबसे ज्यादा कमाई करने वाली आर-रेटेड फिल्म डेडपूल है। यह फिल्म साल 2016 में फरवरी के महीने में रिलीज हुई थी। इसने पहले सप्ताहांत में 13.24 करोड़ डॉलर की कमाई की थी। अगर फिल्म इन आंकड़ों के मुताबिक कमाई करती है तो यह सबसे तगड़ी ओपनिंग करने वाली शीर्ष पांच फिल्मों में आसानी से शामिल हो जाएगी। इस सूची में पहले नंबर पर एवेंजर्स एंडगेम है।इस लिस्ट में फिलहाल एंडगेम (35.7 करोड़ डॉलर) के अलावा स्पाइडर-मैनः नो वे होम (26 करोड़ डॉलर), एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर (25.7 करोड़ डॉलर), स्टार वार्सः द फोर्स अवेकेंस (24.7 करोड़) और स्टार वार्सः द लास्ट जेडी (22 करोड़) जैसी फिल्में शामिल हैं। डेडपूल एंड वूल्वरिन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन शॉन लेवी ने किया है।

टॉलीवुड

भारत का सबसे बड़ा गाना घोषित हुआ 'भैरव एंथम'

प्रभास इस महीने अपनी बहुप्रतीक्षित डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के साथ बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार हैं। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। निर्माताओं ने महीने की शुरुआत में दिलजीत दोसांझ और प्रभास को प्रदर्शित करने वाली फिल्म के पहले सिंगल की घोषणा की थी। अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के पहले गाने 'भैरव एंथम' का प्रोमो जारी कर दिया गया है। फिल्म की टीम ने इसे भारत का सबसे बड़ा गाना करार दिया है। 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज में सिर्फ एक हफ्ता बचा है और फिल्म की टीम ने रविवार को फिल्म का पहला गाना 'भैरव एंथम' रिलीज किया है। इसी बीच निर्माताओं ने 21 सेकेंड लंबा एक प्रोमो जारी किया, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया। यह जोशीला नंबर टीम कल्कि की ओर से अब तक सामने आई सभी प्रचार सामग्री के साथ मेल खाता है। दिलजीत ने संतोष नारायणन द्वारा रचित एक पंजाबी प्रमोशनल नंबर के लिए गाना गाया, जिसमें वह और प्रभास साथ में स्क्रीन साझा करते नजर आ रहे हैं। सामान्य मार्ग पर जाने के बजाय, नाग दर्शकों को फिल्म के लिए बनाई गई दुनिया से परिचित करा रहे हैं। प्रभास के चरित्र भैरव और अमिताभ बच्चन के चरित्र अश्वत्थामा को पेश करने के अलावा, उन्होंने बुज्जी नामक एक एआई ड्रॉइड भी पेश किया है, जिसे तेलुगु में कीर्ति सुरेश ने आवाज दी है। 'कल्कि 2898 एडी' की टीम ने आनंद महिंद्रा और सिएट की मदद से फिल्म के लिए बनाए गए कस्टम-निर्मित वाहन को दिखाने के लिए हैदराबाद में एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया। प्रभास ने एक कार्यक्रम में गाड़ी चलाई, जिसमें प्रेस और प्रशंसक उपस्थित थे। बाद में, नागा चैतन्य और F1 रेसर नारायण कार्तिकेयन ने भी वाहन चलाकर दर्शकों का दिल जीता।

भोजपुरी

नम्रता का वीडियो हुआ जमकर वायरल, उड़ा दिए सबके होश

भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने भोजपुरी गाने पर कमाल का डांस किया है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें वो अपने लटके-झटके दिखा रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेसेस अपने डांस वीडियो से हर किसी का दिल बहलाती रहती हैं। खासकर नम्रता मल्ला के वीडियो सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें एक भोजपुरी गाने पर उन्होंने कमाल का डांस किया और उनका ये डांस फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। नम्रता मल्ला के लटके-झटकों को देखकर फैंस दीवाने हो रहे हैं। इंटरनेट पर भोजपुरी गाने हमेशा गर्दा उड़ाते हैं लेकिन जब कोई भोजपुरी एक्ट्रेस उसपर परफॉर्म करते हुए वीडियो शेयर करती हैं तो उसकी बात ही अलग हो जाती है। नम्रता मल्ला की नई रील सामने आई है जिसे खूब तारीफें मिल रही हैं। नम्रता मल्ला ने ये वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। नम्रता ने जिस गाने पर डांस किया है उसका नाम 'पिंजरे वाली मुनिया' है। वीडियो तैयार करने वाली टीम का दावा है कि इस गाने में नम्रता के लटके-झटके देखकर दर्शकों का एक वर्ग अपना होश खो देगा। ब्लैक आउटफिट में एक्ट्रेस काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में नम्रता मल्ला वीडियो के लिए काफी पॉपुलर हैं।

शगुन की हरियाली

उत्तरी अमेरिका फैशन वीक (एनएएफडब्ल्यू) में डिजाइनर शगुन अग्रवाल का कलेक्शन तारीफ के काबिल रहा है। यहां शगुन ने अपनी मॉडल को हरियाली के संदेश के साथ रैम्प पर उतारा। एनएएफडब्ल्यू एक प्रेरणादायक और बहुचर्चित फैशन शो है, जो व्यापार शो, मीडिया कार्यक्रमों, सनसनीखेज पैनल चर्चाओं, शैक्षिक सेमिनारों और कार्यशालाओं से भरपूर रहता है। ऐसे मंच पर शगुन अग्रवाल का कलेक्शन दर्शकों को खूब पसंद आया।

बैक ब्लाउज के ट्रेंडी डिजाइंस आपको देंगे स्टाइलिश लुक

वैसे तो आपको साड़ी के कई डिजाइंस ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन मार्केट तक में मिल जाएंगे, लेकिन साड़ी कितनी भी सुंदर क्यों न हो लुक को खास बनाने के लिए ब्लाउज के डिजाइन का बेहतरीन होना जरूरी होता है। इसलिए कहा जाता है कि ब्लाउज के डिजाइन पर भी ध्यान देना चाहिए। ब्लाउज के लिए फ्रंट के साथ-साथ बैक दोनों डिजाइन ही मायने रखते हैं।

अगर आप साड़ी के साथ पहनने वाले ब्लाउज के लिए आज के जमाने का डिजाइन बनवाना चाहती हैं तो आज हम आपके लिए कुछ बेहद ही खूबसूरत बैक ब्लाउज के डिजाइन लेकर आए हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

स्ट्रैप बैक डिजाइन ब्लाउज

आजकल मॉडर्न और बोल्ड लुक पाने के लिए आपको मार्केट में कई स्ट्रैप वाले ब्लाउज डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे। बता दें कि

अगर आप इस तरह का ब्लाउज सिल्वा रही हैं तो फैब्रिक के लिए हैवी वर्क वाले डिजाइन को चुन सकती हैं। इसके अलावा आप गोटा-पट्टी लेस की मदद लेकर भी स्ट्रैप बनवा सकती हैं।

डोरी बैक डिजाइन ब्लाउज

बड़े गले पहनना पसंद करती हैं तो सपोर्ट के लिए डोरियों का इस्तेमाल ब्लाउज पर किया जाता है, लेकिन इसके बाद अब ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के लिए डोरी का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं ब्लाउज को आकर्षक बनाने के लिए आप डोरियों में हैवी लटकन का इस्तेमाल कर सकती हैं।

चूड़ी स्टाइल बैक डिजाइन - सबसे अलग डिजाइन का ब्लाउज पहनना चाहती हैं तो इस तरह से चूड़ी की मदद लेकर भी ब्लाउज का बैक डिजाइन बनवा सकती हैं। आप चाहे तो चूड़ी की जगह पर कपड़े की मदद लेकर लूप्स भी बनवा सकती हैं। इसके अलावा आप अपनी मर्जी के बैक डिजाइन ब्लाउज का शेप चुन सकती हैं।

वी-नेक बैक डिजाइन ब्लाउज

इस तरह का डिजाइन खासकर चौड़े कंधे वालों पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस तरह के ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए आप किनारी लेस लगवा सकती हैं। इसके अलावा चाहे तो बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह का डिजाइन आपके लुक को बोल्ड बनाने में मदद करेगा।

ईद पर दिखाना है अलग अंदाज तो इन अभिनेताओं के लुक से लें टिप्स

हर साल ईद उल फितर के बाद ईद उल अजहा का त्योहार आता है। ईद उल फितर की तरह ही इस ईद की भी अलग अहमियत है। ईद उल अजहा इस साल बकरीद ईद 17 जून को मनाई जा रही है। इस दिन लोग खुशियां बांटते हुए मनाते हैं।

इस त्योहार पर नए कपड़े पहनने का रिवाज है। लड़कियां तो इसकी तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देती हैं। लेकिन लड़के अपनी व्यस्तताओं के चलते वक्त से पहले ड्रेसिंग सेंस पर ध्यान नहीं दे पाते। अगर आप भी इस बार ईद के दिन अपना स्टाइलिश अंदाज दिखाना चाहते हैं, तो कुछ अभिनेताओं के लुक्स देख सकते हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप ईद के दिन तैयार हो सकते हैं।

करण सिंह ग्रोवर

टीवी की दुनिया से लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले करण सिंह ग्रोवर का हर अंदाज लोगों को काफी पसंद आता है। अगर आप ईद के दिन एथनिक पहनने का सोच रहे हैं तो करण के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। बंद गले वाले इस कुर्ते के साथ चूड़ीदार पायजामा भी अच्छा लगेगा।

शोएब इब्राहिम

टीवी के साथ-साथ यूट्यूब की दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने वाले शोएब का एथनिक अंदाज काफी क्लासी रहता है। उनका ये ब्लैक रंग का मिरर वर्क वाला कुर्ता पायजामा देखने में काफी अच्छा लग रहा है। इसके साथ शोएब की तरह ही दुपट्टा जरूर कैरी करें।

विक्की कौशल

अगर कुछ रॉयल पहनने का सोच रहे हैं तो विक्की कौशल का ये लुक आपके लिए परफेक्ट रहेगा। इसके साथ आप भी विक्की की तरह ही हैवी दुपट्टा या शॉल कैरी करें। गर्मियों में पहनने के लिए अलग तरीके की शॉल आती है, जो आपके लुक को अलग दिखने में मदद करेगी।

मोहसिन खान

अपनी क्यूटनेस से लोगों का दिल जीतने वाले मोहसिन का एथनिक अंदाज काफी अच्छा रहता है। आप ईद के लिए उनके इस लुक से टिप्स ले सकती हैं।

इसके लिए आपको बस व्हाइट कुर्ते और पायजामे के साथ ब्लू रंग की जैकेट कैरी करनी है।

ईद के मौके पर हाथों पर सजाएं मेहंदी की बेमिसाल डिजाइंस

ईदुल अजहा के मौके पर अगर हाथों में खूबसूरत मेहंदी लगवाने की ख्वाहिश हर महिला की होती है। यहां गल्फ या अरेबिक मेहंदी डिजाइंस के बारे में आपको जरूर जान लेना चाहिए। यह डिजाइंस भी खास हैं क्योंककि इसमें आपको गल्फ आर्ट देखने को मिल जाएगी, जो इसे अन्यत मेहंदी डिजाइंस से अलग अंदाज देती है।

गल्फ मेहंदी आर्ट की खासियत

अरब सागर के तट पर स्थित बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में अरेबिक मेहंदी लगाने का चलन ज्यादा है। इस मेहंदी को भारतीय महिलाएं भी बहुत पसंद करती हैं। हालांकि, अरेबिक मेहंदी के अलावा अब इस क्षेत्र में अन्यइ डिजाइंस को भी पसंद किया जा रहा है। जिसमें इस्लामिक इमारतों के आर्किटेक्ट डिजाइंस को शामिल किया जाता है। मेहंदी आर्टिस्ट की हेंडराइटिंग अच्छी है तो आप उससे हाथों पर मेहंदी के कोन से ईद उल अजहा अंग्रेजी, हिंदी या उर्दू भाषा में लिखवा सकती हैं। इससे आपकी मेहंदी का त्योहार के

लिहाज से महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाएगा। इस तरह की मेहंदी पूरी तरह से फेस्टिवल सेंट्रिक हो जाएगी।

बेल मेहंदी डिजाइन

बेल में आपको कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे, लेकिन बकरीद के खास मौके पर आप इस तरह से एक की जगह 2 उंगलियों पर गल्फ डिजाइन वाली मेहंदी आर्ट बनवा सकती हैं। इसमें ज्यादातर फूल और पत्तियों के डिजाइन को पसंद किया जाता है।

लंबे चेहरे वाली लड़कियां ट्राई करें ट्रेंडी हेयर स्टाइल, दिखेंगी खूबसूरत

अगर आपका फेस लंबा है तो इसके लिए आप यहां बताए गए हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं और परफेक्ट लग सकती हैं।

ओपन हेयर स्टाइल

कई बार ऐसा होता है कि हम जल्दी में कोई भी हेयर स्टाइल बना लेते हैं। लेकिन अब ऐसे न करें। क्योंकि जो भी आपका फेस कट अगर आप उसके हिसाब से हेयर स्टाइल बनाएंगी तो बिल्कुल अलग नजर आएंगी। ऐसे में अगर आपका फेस लंबा है तो आप ओपन कर्ल हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको बालों को मशीन से कर्ल करना है फिर इन्हें स्प्रे से सेट करना है। ऐसे आपका हेयर स्टाइल बनकर रेडी हो जाएगा। आप चाहे तो हेयर स्टाइल बनाने के बाद फैंसी एक्सेसरीज एड कर सकती हैं।

स्लीक बन हेयर स्टाइल

स्लीक बन हेयर स्टाइल आजकल हर कोई बनाना पसंद करता है। आप भी इन्हें बना सकती हैं। लंबे फेस वाली लड़कियों पर ये हेयर स्टाइल (ट्राई करें ये 5

हेयरस्टाइल) काफी क्लासी लगते हैं। इसकी खास बात ये होती है इस बन को बनाने के काफी कम समय लगता है। इसके लिए पहले आपको अपने बालों को स्ट्रेट करना है।

पोनीटेल हेयर स्टाइल

अगर आप क्लासी लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए आप पोनीटेल हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल (पतले बालों के लिए परफेक्ट हेयर स्टाइल) लंबे फेस वाली लड़कियों पर काफी अच्छे लगते हैं।

कार्नर न्यूज

कई बार जल्दबाजी तो कई बार अंजाने में हो जाती हैं गलतियां, ध्यान देना जरूरी

स्किन केयर से जुड़ी गलतियां हर दिन करते हैं पुरुष, कहीं आप भी इनमें से एक तो नहीं

जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं और ये भी आप उन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं।

हर चीज के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें।

आपके शेव रूटीन से स्किन में जलन हो सकती है

फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई



देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। अगर आप इसका प्रयोग करेंगे तो आपको तुरंत फर्क नजर आने लगेगा। हाई क्वालिटी शेव क्रीम का उपयोग करने का मतलब है कम रेडनेस और कम से कम त्वचा में जलन और खुजली। शेविंग के बाद हमेशा एक नैचुरल आफ़्टरशेव का इस्तेमाल जरूर करें। इसमें अल्कोहल नहीं होना चाहिए। इसलिए सबसे बेस्ट का ही चुनाव करें।

दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइजर उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

एसपीएफ का उपयोग न करना

स्किन को ड्राई बनाने के बहुत से कारण हो हैं, लेकिन सूर्य की किरणें इसका सबसे बड़ा कारण है। हमेशा सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल करें। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के बाद इसका प्रयोग करना न भूलें। सन प्रोटेक्शन फैक्टर (एसपीएफ) 15 या इससे अधिक रेटिंग वाला सनस्क्रीन चुनें।

दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं वरुण

मुंबई। एक्टर वरुण धवन पत्नी नताशा दलाल और नन्हीं बेटी के साथ दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि उन्होंने घर ढूंढ लिया है। वैसे वह कोई नया घर नहीं खरीद रहे हैं बल्कि उन्होंने किराए के घर में रहने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वरुण धवन ने मुंबई के जुहू एरिया में किराए पर एक सी-फेसिंग अपार्टमेंट लिया है, जहां वह पत्नी नताशा दलाल और अपनी नन्ही परी के साथ शिफ्ट होने वाले हैं। यह अपार्टमेंट किसी और का नहीं बल्कि ऋतिक रोशन का है। इसी बिल्डिंग में अक्षय कुमार और साजिद नाडियाडवाला भी रहते हैं। इस तरह दोनों वरुण धवन के पड़ोसी होंगे।

लाइफ Style

सोनम

कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर

एजेंसी ⏭ मुंबई

पंजाबी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस सोनम बाजवा चाहती है कि उनकी और सिंगर, एक्टर एमी विर्क की जोड़ी बॉलीवुड की फेमस जोड़ी शाहरुख खान और काजोल जैसा जादू स्क्रीन पर पैदा करे। सोनम और एमी विर्क की अपकमिंग फिल्म क्रॉस-कल्चरल फिल्म कुड़ी हरियाणा वल दी जल्द रिलीज होने को है।

एक्ट्रेस ने एमी विर्क के साथ स्क्रीन शेयर करने के बारे में कहा कि जब भी वह दोनों साथ काम करते हैं तो स्क्रीन पर ताजगी आ जाती है। एमी के साथ पुवाड़ा, निक्का जैलदार जैसी फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस ने बताया, कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर करती है। अगर कहानी और किरदार अलग हैं, तो आप अपने आप ही स्क्रीन पर ताजगी ला पाएंगे। उन्होंने कहा, लोग उनकी (सोनम बाजवा और एमी विर्क) जोड़ी को पसंद करते हैं। हमारे प्रशंसकों में भी हमको लेकर उत्साह है। सोनम ने बताया कि वे विषय और कहानी के बारे में सोचते हैं और फिल्म में अपने आप ही ताजगी आ जाती है। एक्ट्रेस ने बताया, हमने कई फिल्मों में काम किया है मगर जो हमने कुड़ी हरियाणे वल दी में किया है वह अलग है। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है कि अगर किरदार अलग हैं, तो कलाकार भी अलग तरह से काम करेंगे। हरियाणवी जाटनी का डी-ग्लैम लुक निभाने में किसी तरह की हिचकिचाहट के बारे में सोनम ने कहा कि इसमें कोई हिचकिचाहट नहीं है, मुझे इस पर गर्व है कि हमारे देश की लड़कियां कैसी दिखती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, अगर मैं आउटफिट की बात करूं तो सूट पंजाब और हरियाणा दोनों में पहना जाता है।

हॉलीवुड मसाला



ऑस्कर विनिंग का बनेंगे हिस्सा

लॉस एंजिलस। अभिनेता माइल्स टेलर के प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। टेलर ने पैरामाउंट पिक्चर्स की 1982 की क्लासिक फिल्म 'एन ऑफिसर एंड अ जेंटलमैन' के आधुनिक संस्करण से जुड़ने का फैसला किया है। फिल्म में अभिनेता अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवाते नजर आएंगे। 37 वर्षीय अभिनेता को इस रोमांटिक ड्रामा में मूल फिल्म में रिचर्ड गेरे के जरिए निभाए गए किरदार जैक मेयो की भूमिका में देखा जाएगा।

प्रियंका के जेठ केविन को हुआ स्किन कैंसर

लॉस एंजिलस। बॉलीवुड से हॉलीवुड पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा निक जोनस से शादी के बाद वो जोनस फैमिली के साथ वक्त बिताती हैं। हाल में ही उनकी जोनस फैमिली से एक बुरी खबर सामने आई। दरअसल प्रियंका चोपड़ा के जेठ को स्किन कैंसर हो गया, जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। हाल ही में गायक और प्रियंका चोपड़ा के जेठ केविन जोनास ने सुर्खियों में आ गए हैं क्योंकि उन्हें एक मस्से के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जब सिंगर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि उन्हें स्किन कैंसर हो गया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया है और सर्जरी का बिफोर एंड आफ्टर वाला वीडियो भी बताया।

'दलदल' में बनेंगी पुलिस अफसर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनकर अपनी आने वाली वेबसीरीज दलदल में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर जल्द ही वेबसीरीज 'दलदल' में नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर ने बताया कि 'दलदल' एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जो एक महिला होने के सभी गुणों को समेटे हुए है। रीता एक सुपर अचीवर, एक ग्लास-सीलिंग ब्रेकर और पुरुषों की दुनिया में नियमों को फिर से लिखने वाली महिला है। भूमि पेडनेकर ने कहा कि वेबसीरीज दलदल का रोल बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जॉनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मेरा पात्र मुंबई की डीसीपी के तौर पर अपना काम शुरू करती है।



'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज टली

मुंबई। अक्षय कुमार के प्रशंसक लंबे समय से उनके कॉमेडी अवतार में लौटने का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता ने अपनी मशहूर कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'वेलकम' की तीसरी किस्त 'वेलकम टू द जंगल' का ऐलान कर उन्हें तोहफा दिया था। यह फिल्म इस साल 20 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब एक ऐसी चर्चा चल पड़ी है, जिसे सुनकर प्रशंसक मायूस हो सकते हैं। दरअसल, खबर है कि इस फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक फिरोज नाडियाडवाला फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाने जा रहे हैं। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने बताया, 'वेलकम टू द जंगल' को बड़े पैमाने पर बनाया गया है, जिसका पहला शेड्यूल हाल ही में मई में पूरा हुआ है। महाराष्ट्र में इसकी शूटिंग काफी लंबी चली, जिसमें पूरी स्टारकास्ट मौजूद थी।

टीवी मसाला

'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की कुर्सी संभालेंगी करिश्मा...

नई दिल्ली। टीवी रियलिटी शोज को लेकर भी दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। इनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही है। ज्यादा से ज्यादा दर्शकों को अपने शो की ओर आकर्षित करने के लिए निर्माता भी नए-नए पैंतरे अपनाते रहते हैं। अब खबर है कि करिश्मा कपूर को 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खुद करिश्मा भी शो से जुड़कर बेहद उत्साहित हैं।

मलाइका, सोनाली के बाद करिश्मा करेंगी जज : रिपोर्ट के मुताबिक, करिश्मा डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के चौथे सीजन में जज की भूमिका निभाने वाली हैं। उन्होंने शो में सोनाली बेंद्रे की जगह ली है। शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा को शामिल किया गया था। सूत्र के मुताबिक, निर्माता इस बार एक नई बॉलीवुड अभिनेत्री की तलाश में थे। करिश्मा न सिर्फ एक बेहतरीन डांसर रही हैं, बल्कि प्रशंसकों के बीच उनकी लोकप्रियता आज भी जबरदस्त है।

शो से जुड़कर खुश हैं करिश्मा : सूत्र ने यह भी बताया कि करिश्मा के पास जब इस शो को जज करने का प्रस्ताव आया तो उन्होंने इसके लिए फौरन रजामंदी दे दी। करिश्मा इस शो की शुरू से ही प्रशंसक रही हैं। इसी वजह से उन्होंने इसके लिए हां कहने में देर नहीं लगाई। दिलचस्प बात यह है कि करिश्मा पहले ही इस शो से गेस्ट जज के रूप में पहले जुड़ चुकी हैं। टेरेंस लुईस और गीता कपूर जज पैनल में उनके साथ दिखाई देंगी।

2020 में आया था शो का पहला सीजन

'इंडियाज बेस्ट डांसर' फ्रेम्स प्रोडक्शन इंडिया के बैनर तले बना एक लोकप्रिय रिएलिटी शो है। इसके पहला सीजन 2020 में आया था और दूसरे सीजन की शुरुआत 16 अक्टूबर, 2021 में हुई थी। शो के पहले सीजन के विजेता हरियाणा के टाइगर पॉप थे। सौम्या कांबले ने 'इंडियाज बेस्ट डांसर 2' की ट्रॉफी अपने नाम की थी और तीसरे सीजन के विजेता समर्पण लामा थे। 30 सितंबर, 2023 को तीसरे सीजन का फिनाले हुआ था।

करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में आएंगी नजर

करिश्मा ने 'कुली नंबर 1' से लेकर 'राजा हिन्दुस्तानी' और 'दिल तो पागल है' से लेकर 'अंदाज अपना अपना' जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया है। पिछली बार करिश्मा फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब जल्द ही करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में नजर आएंगी, जिसमें वह एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने वाली हैं। उनके किरदार का नाम रीता 'ब्राउन' है। इसके लिए उन्होंने बंगाली भाषा भी सीखी है।

सलमान ही नहीं, इन बॉलीवुड सितारों ने भी फरमाया पाकिस्तानियों से इश्क

मुंबई। कहावत है कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती। ये केवल किताबों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि हमें असल जिंदगी में भी देखने को मिली है। भारत और पाकिस्तान के बीच उलझे संबंधों की सीमा को पार कर बहुत से बॉलीवुड सितारों ने पाकिस्तानी हस्तियों से इश्क फरमाया है। आज हम आपको ऐसे बॉलीवुड सितारों से मिलवाएंगे, जिनका रिश्ता पाकिस्तानियों से रहा है।

सलमान और सुष्मिता सेन : *सलमान का पाकिस्तानी अदाकारा सोमी अली के साथ रिश्ता खूब चर्चा बटोरता है। सोमी, सलमान की वजह से ही भारत आई थीं। वह सलमान के साथ 8 साल तक रिश्ते में रही थीं। हालांकि, फिर दोनों का ब्रेकअप हो गया था। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर वसीम अकरम और सुष्मिता सेन का रिश्ता एक समय चर्चा का विषय था। वे 2008 में रियलिटी शो 'एक खिलाड़ी एक हसीना' पर मिले थे। ऐसी अफवाहें भी उड़ी थीं कि दोनों शादी रचाने वाले हैं।*

रेखा और जीनत अमान : *पाकिस्तानी क्रिकेट टीम जब 1970 के दशक में भारत दौरे पर आई थी, तब पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान बॉलीवुड अभिनेत्री जीनत अमान को दिल दे बैठे थे। हालांकि, उनका रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला था। इमरान के बारे में यह भी अफवाह थी कि उनका मशहूर अदाकारा रेखा के साथ भी रिश्ता था। 1985 में, रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे एक-दूसरे के करीब थे और शादी करने की योजना बना रहे थे।*

रीना रॉय और अश्मित पटेल : *रीना रॉय ने 1983 में पाकिस्तानी क्रिकेटर और अभिनेता मोहसिन खान से शादी की थी। दोनों की एक बेटी है जिसका नाम सनम खान है। हालांकि, 1990 में उनका तलाक हो गया था। पाकिस्तानी अदाकारा वीना मलिक ने बिग बॉस में आकर खूब सुर्खियां बटोरीं थीं और इसका एक बड़ा कारण भारतीय अभिनेता अश्मित पटेल थे। रियलिटी शो में इनके रिश्ते ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।*

अमृता अरोड़ा और अमृता राव : *अभिनेत्री अमृता अरोड़ा का पाकिस्तानी क्रिकेटर उस्मान अफजल के साथ रिश्ता था। दोनों ने अपना रिश्ता सार्वजनिक रखा था। हालांकि, रिश्ते में दूरी के चलते वे अलग हो गए थे। अमृता राव ने कथित तौर पर 2008 में पाकिस्तानी संगीतकार फरहान सईद को डेट किया था।*

फिल्म फेस्टिवल में एकलव्य की 'सरनेम' को दो अवार्ड ...

मुंबई। हिमाचल के जिला कांगड़ा को गुजरात में बड़ा सम्मान मिला है। अहमदाबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'सरनेम' शार्ट फिल्म को दो अवार्ड मिले हैं। बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड मिलने से फिल्म निर्माताओं की बांछे खिल गई हैं। जिला कांगड़ा से ताल्लुक रखने वाले एकलव्य सेन की शार्ट फिल्म 'सरनेम' एक बार फिर सुर्खियों में है। 'सरनेम' ने दो नॉमिनेशन हासिल किए थे। इसमें बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस का अवार्ड समायरा को मिला, जिन्होंने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाई थी। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड कुलदीप सिंह को मिला, जो कि खुद भी फिल्म निर्देशन का कार्य करते हैं। 'सरनेम' शार्ट फिल्म अभी तक 29 फिल्म फेस्टिवल में चयनित हो चुकी है।

16 जून को मिथुन दा ने मनाया 74वां जन्मदिन, 'मृगया' से मिली बॉलीवुड में पहचान

मिथुन दा एक्टर से पहले थे नक्सली, कचरे के ढेर में मिली थी बेटी

फिल्मों में आने से पहले थे नक्सली

कोलकाता के स्कॉटिश चर्च कॉलेज से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन करने के बाद मिथुन का झुकाव नक्सलवाद की तरफ हो गया था। वो परिवार छोड़ नक्सलियों के साथ रहने लगे थे। उसी बीच एक दुर्घटना में उनके भाई की मौत हो गई। वह अपने परिवार के पास वापस आ गए और नक्सली दुनिया छोड़ दी। उधर सांवले रंग के चलते मिथुन संग कोई बड़ी हीरोइन काम करने को तैयार नहीं थीं। मिथुन का नाम सामने आते ही वो फिल्म से बाहर हो जाती थीं।

फुटपाथ पर बिताए दिन

मिथुन ने बताया था कि उन्होंने अपना काफी वक्त फुटपाथ पर सोते हुए बिता दिया। कई-कई दिन तो वह भूखे पेट ही सोते थे और रोते थे। कई दिन तो ऐसा होता था, जब उन्हें सोचना पड़ता था कि अगले दिन का खाना कैसे मिलेगा और वह कहां जाकर सोएंगे। पैसे कमाने के लिए जब उन्हें कुछ नहीं सूझा तो मिथुन ने अपनी प्रतिभा की तरफ रुख किया। वह बड़ी पार्टियों में डांस करके रोजी-रोटी चलाते थे।

मुंबई। बॉलीवुड में कई ऐसे कलाकार हुए, जिन्होंने अपनी काबिलियत और मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अपना एक खास मुकाम हासिल किया। मिथुन चक्रवर्ती भी उन्हीं कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने हुनर से हिंदी सिनेमा में अपना सिक्का जमाया और कई यादगार फिल्में देकर दर्शकों के बीच अपनी एक खास जगह बनाई। आज यानी 16 जून को मिथुन दा अपना 74वां जन्मदिन मना रहे हैं। आपको मालूम होना चाहिए कि मिथुन चक्रवर्ती एक्टर बनने से पहले नक्सली थे।

कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी बेटी

मिथुन के 3 बेटे और 1 बेटी हैं। बेटी दिशानी को उन्होंने गोद लिया था। दिशानी को गोद लिए जाने की कहानी भी बड़ी भावुक है। दरअसल, मिथुन को दिशानी एक कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी। उस बच्ची को एनजीओ ने बचाया और अपने पास सुरक्षित रखा। वह उस वक्त नाजुक हालत में थी। जैसे ही मिथुन को इस बारे में पता चला, वह तुरंत उससे मिलने पहुंचे और तब उन्होंने उस बच्ची को गोद ले लिया था।

हेलन के असिस्टेंट थे मिथुन

शुरुआती दौर में जब मिथुन काम की तलाश में मायानगरी मुंबई पहुंचे तो उन्हें कोई काम देने के लिए तैयार नहीं था। वह काम की तलाश में दर-दर भटकते रहे। फिर उन्हें बाद में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हेलन का असिस्टेंट बनने का मौका मिला। इसके बाद वह धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया से जुड़ते चले गए। यहां से उनकी गाड़ी निकल पड़ी। उन्होंने कई फिल्मों में छोटे-छोटे किरदार निभाए। सालों इंतजार के बाद मिथुन को 'मृगया' से बॉलीवुड में पहचान मिली।

...जब भूख के मारे नहीं निकली आवाज

मिथुन दा ने बताया कि कई बार हुआ, जब मिथुन ने भूखे पेट रातें गुजारीं। 'मृगया' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बाद जब एक पत्रकार उनका इंटरव्यू लेने पहुंचा तो भूख के मारे उनकी आवाज नहीं निकल रही थी। उन्होंने उससे कहा कि पहले खाना खिलाओ फिर इंटरव्यू देंगे।

खबर संक्षेप

एमएसपी जामगांव में रक्तदान शिविर

रायगढ। बीते 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस पर जामगांव स्थित एमएसपी उद्योग में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर व सीएमएचओ के आदेश पर रेडक्रास सोसाइटी की जिला शाखा के द्वारा थैंक्यू ब्लड डोनर थीम पर आयोजित इस रक्तदान शिविर में किरोडीमल शासकीय जिला चिकित्सालय भी सहभागी रहा। एमएसपी के कर्मचारियों ने 52 यूनिट रक्त दान किया। सभी रक्तवीरों को उपहार से सम्मानित किया गया साथ ही इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने वाले सभी चिकित्सकों मेडिकल व नाना मेडिकल स्टाफ को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

सफाई अभियान में शामिल हुए कलेक्टर

सारंगढ़। जिले के सभी सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों में सफाई अभियान आयोजित किया गया। इसी क्रम में सरसींवा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सफाई अभियान में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू शामिल हुए। गौरतलब है कि आगामी 18 जून से नए सत्र की कक्षाएं प्रारंभ होंगी, जिसके मद्देनजर जिले के सभी स्कूलों में वृहद् सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री साहू ने सरसींवा स्थित स्कूल परिसर का निरीक्षण किया एवं साफ सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कंप्यूटर कक्ष, मध्यान्ह भोजन कक्ष, स्टाफ रूम एवं अन्य कक्षाओं का निरीक्षण किया। इसके साथ ही छात्रों को वितरण किए जा रहे स्कूली किताबों के बारे में जानकारी ली। साथ ही मध्यान्ह भोजन में दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने को कहा एवं किचन शेड की अच्छे से साफ सफाई करने के निर्देश दिए।
कलेक्टर ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने सभी नागरिक को कहा कि जिस तरह अपने घर का साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हैं उसी तरह सार्वजनिक स्थानो, अपने अपने स्कूलों में एवं कार्यालयीन क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखें।

चखना ठेले बंद नहीं कराने से ठेकेदार परेशान

रायगढ। सरकार ने शराब दुकानों के पास अहाते का ठेका तो दे दिया लेकिन आसपास खुले चखना ठेला बंद नहीं करवाया। जहां जहां भी शराब दुकानें स्थित हैं वहां चखना सेंटर भी चलाए जा रहे हैं। रोड किनारे इन ठेलों में शराब पीने के लिए हर तरह की सामग्री उपलब्ध है। शराबी इन्हीं ठेलों और ढाबों को अहाता बना चुके हैं। अब शराब दुकानों के पास अहाता खोला जा रहा है। पहले से मौजूद ठेलों को हटाने की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अहाता ठेका लेने वालों को इन समस्याओं के साथ छोड़ दिया गया है। नियम है कि शराब दुकान के सौ मीटर के दायरे में कोई चखना ठेला संचालित नहीं किया जा सकता। इस वजह से अब ठेका लेने वालों ने लाइसेंस सरेंडर करने का मन बना लिया है। बड़े रामपुर देशी, विदेशी बड़े रामपुर, विजयपुर, कंपोजिट घरघोड़ा, अड़भार, टिमरलगा, कोंड़ातराई और कोढ़ीपारा दुकानों में अहाता चलाने में नुकसान होना तय है। इन दुकानों के आसपास बहुत अधिक संख्या में ठेले हैं जो अघोषित अहाते बन चुके हैं। सौ मीटर के दायरे में संचालित होने के कारण अहाते की कमाई का नुकसान होगा। अहाता के लिए ठेका देने के साथ आबकारी विभाग की जिम्मेदारी है कि वह दुकानों के आसपास ठेलों को भी हटवाए। अहाता लाइसेंस देने के बाद आबकारी विभाग झांकने तक नहीं गया। लाखों रुपए लेकर अहाते दिए गए हैं लेकिन जरूरी कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में अहाता चलाना मुश्किल होगा। अहातों के कारण शहर के बार की कमाई पर भी असर पड़ेगा। शराब दुकानों के पास पीने की उत्तम व्यवस्था करने के लिए आबकारी विभाग ने अहाता खोलने की अनुमति दी। राजस्व प्राप्ति के लिए शराबियों को महफूज ठिकाना उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन अहाता ठेका लेने वाले ठगे से महसूस कर रहे हैं।

शासन ने सत्र आरंभ करने की तारीख बढ़ाई

शाला प्रवेशोत्सव के लिए स्कूलों में शुरू हुई तैयारी, बच्चों के घर पहुंच रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियों खत्म होने वाली है। लंबी छुट्टियों के बाद स्कूलों में नए शिक्षण सत्र की शुरुआत 26 जून से हो रही है। इसी बीच 26 जून से 10 जुलाई के बीच में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा।

उत्सव के दौरान स्कूलों में नए बच्चों का शाला प्रवेश होगा। शाला प्रवेश उत्स्व को लेकर सभी जगह उत्साह नजर आ रहा है सभी विद्यालय प्रबंधन शाला प्रवेश उत्स्व के लिए जोरो शोरो से तैयारी कर रहे है। इसी तारतम्य मे स्वामी आत्मनंद उत्कृष्ट विद्यालय बरमकेला मे शाला प्रवेश उत्स्तव को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है आज रविवार छुट्टी के दिन भी विद्यालय के समस्त स्टाफ आकर विद्यालय परिसर की सफाई हेतु श्रम दान दिया एव विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की गई।

इस दौरान सारंगढ़ बिलाईगढ के जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत, नगर पंचायत अध्यक्ष हेमसागर नायक, स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्रचार्य नरेश चौहान व्याख्यता पी के नायक एएम एल प्रधान एव समस्त स्टाफ स्वामी आत्मानंद विद्यालय बरमकेला मौजूद था।

आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य नरेश चौहान ने बताया कि इस बार शाला प्रवेश उत्स्व को एक त्यौहार के जैसे मनाया जाएगा जिसे लेकर बच्चों के साथ साथ शिक्षक भी बहुत उत्साहित है इसकी तैयारी मे सभी लगे हुए है इसकी तैयारी हेतु आज विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गयी है

शाला प्रवेशोत्सव के पहले ही बच्चों के घर गिफ्ट और माला लेकर पहुंच रहे शिक्षक

रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुसार 26 जून को पूरे छत्तीसगढ़ के विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया जाना है जिसके पहल हेतु जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर लगातार तैयारियां की गई है। उच्चाधिकारियों का सतत मार्गदर्शन एवं मागनिटरिंग भी जारी है।
इस क्रम में रायगढ़ विकासखंड अंतर्गत तारापुर संकुल में संकुल प्राचार्य भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में संकुल समन्वयक राजकमल पटेल द्वारा समस्त शिक्षिक शिक्षिकाओं की बैठक लेकर एक नई पहल करते हुए पालक व विद्यार्थियों को स्कूल से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत प्रवेश उत्सव के पहले ही नव प्रवेशी बच्चों के घरों तक प्रत्येक शिक्षक पहुंच कर नव प्रवेशी बच्चे जो पहली बार स्कूल से जुड़ने जा रहे हैं उनका फूल माला तिलक लगाकर एवं भेंट देकर 26 जून को विद्यार्थियों को स्कूल आने का निमंत्रण देकर आत्मीय भाव प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके साथ ही पालकों को भी स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओं के संबंध में जानकारी दे रहे यू कहें इस पहल से नव प्रवेशी बच्चे आत्मीय भाव से पहली बार में शिक्षकों के प्रेम को सामान्य भाव से समझ पा रहे हैं और स्कूल आने के प्रति अभिरूचि दिखा रहे हैं जिससे संकुल स्तर पर किये जा रहे पहल से बच्चे, पालक एवं शिक्षक सभी आनंद के साथ सुखद अनुभव कर पा रहे हैं।

एफएलएन प्रशिक्षण केन्द्रों का डीईओ ने किया निरीक्षण

रायगढ़। शिक्षण सत्र 2024-25 में रायगढ़ जिले के 07 विकास खण्डों में संचालित प्राथमिक माध्यमिक हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार विभिन्न घटकों के सफल संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला ने स्कूल शिक्षा विभाग के सभी शाखा प्रभारियों की उपस्थिति में जिले के सभी बीईओ, बीईओ, बीआरसीसी, संकुल प्राचार्य, प्राचार्य, सीएसी की एक आवश्यक बैठक लिए।

जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला ने 18 जून से प्रारंभ हो रहे शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस से ही प्रत्येक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाने हेतु विद्यालय की साफ सफाई विद्यालय भवन की सुरक्षा एवं पर्यावरण स्वस्थ रखते हुए उत्सव मनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, साइकिल एवं गणवेश की व्यवस्था शाला प्रवेश उत्सव से पूर्व ही करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य वर्धक मध्यान्ह भोजन एवं न्यौता भोजन प्रथम दिवस से ही दिए जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में पौधरोपण के अतिरिक्त किचन गार्डन में कम से कम 10 मुनगा के पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करें। बैठक में सभी संस्था प्रमुखों को ऑनलाईन अवकाश प्रविष्टि करने हेतु निर्देश दिए।
सहायक संचालक केके स्वर्णकार ने जिले के निजी विद्यालय में संचालित आरटीई को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ प्रविष्टि हेतु निर्देश दिए। इसके बाद डीएमसी एनके चौधरी ने यूडाईस में स्कूल प्रोफाईल का भौतिक सत्यापन कर वास्तविक स्थिति जानने के लिए सभी बीआरसीसी एवं सीएसी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति अनुसार निःशुल्क वितरण सामग्री गणवेश, पुस्तक आदि का ऑनलाईन पोर्टल में आवश्यक रूप से प्रविष्टि करें। सहायक जिला परियोजना अधिकारी जेके राठौर ने कहा कि जिले में संचालित विद्यालयों में क्रियाशील स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब को बच्चों हेतु लाभकारी बनाए। उन्होंने बताया कि किशोर आत्महत्या रोकथाम जैसे संवेदनशील मामलों हेतु दीक्षा ऐप पर उपलब्ध कोर्स पूर्ण करें।

सौरभ श्याम संगीत सृजन केन्द्र की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित

रायगढ़। नगर में प्रतिष्ठित संगीत प्रशिक्षण केंद्र सौरभ श्याम संगीत सृजन केंद्र बोईरदादर स्टेडियम के पीछे स्थित संगीत संस्थान का प्रायोगिक परीक्षा एमजी रोड आयत कथक एकेडमी हाल में दिनांक 15 व 16 जुन को संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न विधाओं अध्ययनरत परीक्षार्थियों द्वारा अपनी कला की प्रस्तुति दी गई उनकी प्रस्तुति के आधार पर गुणवत्ता का आंकलन कर उन्हें डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

विदित हो कि रायगढ़ में सौरभ श्याम संगीत सृजन केंद्र बोईरदादर द्वारा प्रतिवर्ष लिखित और प्रायोगिक परीक्षा के माध्यम से रायगढ़ जिला के नवोदित एवं प्रतिभावान संगीत साधकों को संगीत के क्षेत्र में प्रयाग

संगीत समिति प्रयागराज से योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान की जाती है जिसमें रायगढ़ नगर के अतिरिक्त अन्य अंचल के संगीत विद्यार्थी शामिल होते है। संगीत सृजन केंद्र के परीक्षा केंद्र अधीक्षक उग्रसेन पटेल ने बताया कि इस वर्ष प्रायोगिक परीक्षा में 226 परिक्षार्थी शास्त्रीय गायन भाव संगीत, तबला, कथक नृत्य एसिंथेसाइजर, गिटार और चित्रकला विषय की परीक्षा में शामिल होकर संगीत एवं कला के अलग अलग विधाओं में अपनी दक्षता का प्रदर्शन किये जिसमें उनकी प्रस्तुति का विशेषज्ञ बाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन किया गया। परीक्षक के रूप में संगीत विशेषज्ञ रामाश्रय पटेल वीरसिंहपुर मध्यप्रदेश को बोर्ड द्वारा अधिकृत किया गया था।

खेती के लिए मददगार केसीसी ऋण योजना

सारंगढ़। किसानों के खेती का मौसम आ गया है। किसानों को खेती के लिए केसीसी ऋण देकर सरकार मदद कर रही है। इस समय किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी किसानो को अपनी फसलोत्पादन के लिए समय पर पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराने तथा उधारदाताओं जैसे साहूकारों द्वारा वसूल की जाने वाली उच्च ब्याज दरों से बचाना है। इसके अतिरिक्त इससे किसान अपने आकस्मिक खर्चा एवं अन्य कृषि आनुषंगिक क्रियाओं हेतु आसानी से राशि की व्यवस्था कर सकता है। जिन किसानों ने पूर्व में केसीसी नही लिया है उन्हें और जिन्होंने पूर्व में केसीसी का ऋण चुका चुके हैं उन सभी किसानों को केसीसी का लाभ आवेदन करने पर मिलेगा। केसीसी के द्वारा किसान 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर 3 लाख रुपए तक का ऋण ले सकता है।

अभिलेख दुरूस्ती के कार्य को प्राथमिकता लंबित प्रकरण के त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू अर्जन जैसे विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने भू अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अवार्ड पारित होने के पश्चात रिकॉर्ड दुरुस्ती का कार्य प्राथमिकता से करें। इसमें किसी प्रकार की लेट लतीफी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी तहसीलवार सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी दिनों में सीमांकन का कार्य नहीं किया जा सकता। अतः सभी राजस्व अधिकारी अपने राजस्व अमले को गिरदावरी का ट्रेनिंग प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने तथा लंबित प्रकरण के उचित कारण उल्लेखित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने डायवर्सन, ई.कोर्ट, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरूस्तीकरण, भू.राजस्व वसूली, भू.अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति, सड़क दुर्घटना, आरबीसी 6.4, भू अर्जन जैसे विभिन्न लंबित प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने तहसीलवार डायवर्सन भू भाटक वसूली की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को भू भाटक वसूली के कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए।

बक़रीद पर ईदगाह में अता की गई सामूहिक नमाज

घरघोड़ा। घरघोड़ा में बस स्टैंड रेस्ट हाउस के सामने सोमवार को बकरीद पर्व के अवसर पर ईदगाह में जामा मस्जिद घरघोड़ा, तमनार, पूँजीपथरा क्षेत्र के हज़ारो मुस्लिमो द्वारा सुबह 8.30 बजे शांतिपूर्वक बक़रीद की नमाज़ पढ़ी गई, जिसमे पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रही साथ में आम जनों, सभी समाज के लोगो ने मुस्लिम समुदाय के लोगो को बक़रीद की मुबारकबाद दी।

बक़रीद में मुल्क की खुशहाली, तरक्की, शांति और भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई है। साथ ही कुर्बानी कबूल करने के लिए अल्लाह ताला से दुआ मांगी गई है। इसके बाद सभी इबादतगाहों पर नमाज अदा करने के साथ साथ लोग कब्रिस्तान में रूखसत हुए मुस्लिमों के लिए फातिहा भी पढ़ने जाते हैं। तत्पश्चात वहाँ से निकल कर अपने अपने घरों में लोगो ने अल्लाह के नाम से क़ुर्बानी दी। सुबह से बस स्टैंड रेस्ट हाउस के सामने ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए हज़ारो लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। ईद उल अज़हा, जिसे बकरीद के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया भर में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण मुस्लिम त्यौहार है। यह पैगंबर इब्राहिम द्वारा अल्लाह के प्रति समर्पण के रूप में अपने बेटे की कुर्बानी देने की इच्छा को याद करता है। ईद उल अज़हा या बकरीद मुसलमानों के सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में से एक है।

मत बेचो केलो का जल, तरसेंगे कल

रायगढ़। जन जन के विश्वास और आराधना की देवी केलो मैया के अस्तित्व बचाने के प्रयासों की शुरुआत हो रही है रायगढ़ जिले के निवासी इसी मानसिकता में है कि वह अपने जिले की इस केलो नदी को संरक्षित सुरक्षित और स्वच्छ देखना चाहते हैं। इसके लिए वह प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ रहे है। क्योंकि श्रेकेलो है तो कल है को चरितार्थ कर सके।

रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्वस्फूर्त आमजन जुड़ा पुराने स्टाप डैम के पास बच्चों, पुरुषों और महिलाओं का हजूम में एकत्रित होकर केलो है तो कल है के नारे लगा रहा था साथ में पोस्टरो में लिखा था कि केलो बचाओ और मत बेचो केलो का जल तरसेंगे आज नहीं तो कल के नारे लिखे थे यह नजारा केलो जल सत्याग्रह का था। उपस्थित लोगों ने रायगढ़ के पूर्व सांसद और वर्तमान में प्रदेश के

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम का ज्ञापन कलेक्टर रायगढ़ के माध्यम से सौंपा जिसमें प्रेषित किया गया कि केलो नदी के उद्गम स्थल से समागम स्तल तक अनेकों कोयला खदान का अपशिष्ट उसके बाद उद्योगों का अपशिष्ट नालों के माध्यम से केलो नदी में आता है फिर इस नदी में फ्लाई ऐश का फेंकना जिसे रायगढ़ जिले का सिंचाई विभाग, केलो सर्वेक्षण विभाग, पर्यावरण विभाग अनदेखा कर रहा है वही जल विभाग नगर निगम रायगढ़ के द्वारा इन सभी पर कार्रवाई के लिए जिला कलेक्टर को पत्र नहीं प्रेषित करना गंभीर पहलू है क्योंकि 17,18, 19 मार्च को पंचधारी स्थित इंटेकवेल जिससे रायगढ़ शहर के निवासियों को पानी प्रदाय होता है को बंद कर करके दो दिन सैकड़ो कर्मचारियों ने सफाई की जिसके बाद पेयजल व्यवस्था बहाल हुई नगर पालिका निगम रायगढ़ के अनेकों कचरा खाने केलो नदी के इर्द गिर्द है जिसका अपशिष्ट केलो नदी में प्रवाहित होता है तो इन कचरा खाने को तत्काल नदी से दूर तथा शहर से बाहर स्थापित किया जाएए उपरोक्त कोयला खदानें का गंदा पानी औद्योगिक अपशिष्ट और फ्लाई ऐश के कारण से जो नुकसान केलो मैया और नागरिकों को हुआ है।

बलौदा बाजार हिंसा के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में आज जिला कांग्रेस के द्वारा सरकार और स्थानीय प्रशासन की नाकामी की वजह से बलौदा बाजार मे घटित हिंसा के विरोध में गांधी प्रतिमा के पास शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करते हुये जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर सरकार को आगाह किया जाएगा।

पीसीसी के निर्देश पर यह एक दिवसीय प्रदर्शन पूरे प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों में आहूत किया गया है। धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री प्रेमसाय टेकाम को प्रभारी बनाया गया है। टेकाम के अलावा जिले के धरमजयगढ विधानसभा विधायक लालजीत राठिया, लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार, पूर्व विधायक प्रकाश नायक, चक्रधर सिदार, हृदय राम राठिया, जिला एवं ब्लाक के पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस प्रदर्शन के विषय में जानकारी देते हुए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा पत्र के माध्यम से सभी जिला अध्यक्षों को 18 जून को धरना प्रदर्शन हेतु निर्देशित किया गया है। जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पुरी तरह से चरमरा गई है और सरकार हाथ में हाथ धरे बैठी है। बलौदाबाजार की घटना छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार हुआ है जो भाजपा सरकार में काला अध्याय है। कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी इसी तरह की आलोचनात्मक प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार के रवैये पर सवाल खड़े किए हैं।

रायगढ़ में तनिष्क की नई शाखा का फीता काटकर उद्घाटन

रायगढ। तनिष्क शोरूम की नई शाखा का शुभारंभ रायगढ़ में किया गया। तनिष्क शो रूम के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती आशा अग्रवाल शामिल हुई। इसके साथ ही टाटा कंपनी के अभिषेक बाजपेयी और अधिकारियों ने शिरकत की। अतिथियों ने फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया गया। इस दौरान तनिष्क टाटा के अधिकारियों ने

बिजनेस प्लस

बताया कि आने वाले त्योहारी सीजन के लिए उनके स्टोर पूरी तरह से तैयार है और शोरूम में काफी आकर्षक स्टॉक भी उपलब्ध है। रायगढ़ तनिष्क शोरूम में 14 से 16 जून तक जेवरों की खरीदी में सोने के सिक्के व अन्य उपहार ऑफर के रूप में दिए गए।
तनिष्क स्टोर में महिलाओं एवं बच्चों के लिए रंगारंग कार्यक्रम लाइव लाख की चूड़ियां, टैटू एवं नेल पेंट जैसे आकर्षक काउंटर भी लगाए गए है।